भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2496
गुरूवार, 24 मार्च, 2022/3 चैत्र, 1944 (शक)

ओडिशा में एनसीएस के माध्यम से रोजगार प्रदान करना

2496. श्रीमती ममता मोहंताः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) को शुरू करने के लक्ष्य और उद्देश्य क्या-क्या हैं;

(ख) एनसीएस को लागू करने में सरकार को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा;

(ग) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और वर्तमान वर्ष के दौरान ओडिशा राज्य में नौकरी की तलाश करने वाले कुल कितने व्यक्तियों को एनसीएस पोर्टल के माध्यम से नौकरी मिली है; और

(घ) विगत तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान ओडिशा राज्य के ऐसे व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें पोर्टल के माध्यम से सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी मिली है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना सरकार द्वारा रोजगार की खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर जानकारी इत्यादि जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। एनसीएस परियोजना का उद्देश्य रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को निर्बाध पहुंच प्रदान कराना, देश के अभिलाषी युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर तथा करियर विकास सहायता की सुविधा प्रदान करना है। एनसीएस पोर्टल रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को एक मंच पर लाता है। चूंकि, एनसीएस पोर्टल पर रोजगार पर लगाने के अंतिम आंकड़ों की पुष्टि अनिवार्य नहीं है, इसलिए रोजगार पर लगाने संबंधी आंकड़े केवल उसी सीमा तक उपलब्ध है, जैसा कि नियोक्ताओं द्वारा स्वेच्छा से सूचित किया गया है। हालांकि, पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान एनसीएस पोर्टल, जिसमें ओडिशा राज्य भी है, पर जुटाई गई रिक्तियों की संख्या निम्नानुसार है:

वर्ष	जुटाई गई रिक्तियां
2018-2019	13,665
2019-2020	46,169
2020-2021	11,077
2021-2022 (21.03.2022 को)	33,237

*****